हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 20 दिसंबर 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

07 ड्रग इंस्पेक्टर ने गांवों में संचालित की जा रही ...

08 नहरों की साफ-सफाई और मरम्मत न होने से ...





## खबर संक्षेप

### सनाढ्य ब्राह्मण परिषद का वार्षिक सम्मेलन आज

**विदिशा।** जिला सनाढ्य ब्राह्मण परिषद का वार्षिक स्नेह सम्मेलन शनिवार को ऑडिटोरियम में होगा। परिषद के अध्यक्ष पंडित दीपक तिवारी ने बताया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि भोपाल हुजूर विधायक पं. रामेश्वर शर्मा होंगे। जबकि अध्यक्षता पूर्व सांसद पं. प्रताप भानु शर्मा करेंगे। विशेष अतिथियों में पूर्व विधायक पं. शशांक भार्गव, श्याम सुंदर शर्मा, राकेश शर्मा एवं मनोज कटारे शामिल रहेंगे।

### नगर में जुटेंगे राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारी

**विदिशा।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 25 को होटल रॉयल पैलेस में महासभा की प्रांतीय बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में मप्र के राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश के सभी पदाधिकारी, 32 जिलों के अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ एवं युवा अध्यक्ष शामिल होंगे। उद्घाटन मप्र शासन के सहकारिता एवं खेलकूद कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष करेंगे। सम्मेलन में सत्र 2024-25 में कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं तथा जिले में निवासरत 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही धर्मशाला निर्माण हेतु 5000 रुपए से अधिक दान देने वाले दानदाताओं को सम्मानित किया जाएगा।

### गुलरखेड़ी में विधायक टंडन ने की जनसुनवाई

**विदिशा।** शुक्रवार को ग्राम पंचायत गुलरखेड़ी के सामुदायिक भवन, गुलाबगंज में विधायक मुकेश टंडन की जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में क्षेत्र के ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। कुल 25 आवेदकों ने नल-जल योजना, सड़क, नाली, बिजली बिल, कर्मचारियों की लापरवाही सहित अन्य विषयों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। विधायक मुकेश टंडन ने कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया, वहीं शेष समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है।
जनसुनवाई में एसडीएम शशि मिश्रा, सीईओ जितेंद्र जैन, तहसीलदार पलक पीडीहा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ प्रताप ठाकुर सहित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### सुरेशचंद्र सक्सेना का निधन, अंतिम यात्रा आज

**विदिशा।** शेरपुरा स्थित शांता



स्मृति फ्रेक्चर हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर पीयूष सक्सेना के पिता सुरेशचंद्र सक्सेना (बाबू जी ) का हृदयगति रुकने से शुक्रवार सुबह निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार सुबह 9 बजे निज निवास गोदावरी ग्रीन कॉलोनी कपूर गार्डन के सामने से निकाली जाएगी।

## 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले, 40 से अधिक संदिग्धों से की पूछताछ

# मुखर्जीनगर चोरी का हुआ खुलासा: पुलिस ने 2 आरोपियों को दबोचा, 2 लाख का माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मुखर्जीनगर में हुई चोरी की वारदात का कोतवाली पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से लगभग 2 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए गए हैं। पुलिस ने यह कार्रवाई 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण और 40 से अधिक संदिग्धों से की गई पूछताछ के आधार पर की।

पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी के निर्देशन में, एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली के टीआई आनंद राज सहित कोतवाली पुलिस टीम ने इस मामले में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। पुलिस टीम द्वारा सतत मैदानी पतारसी, तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। 17 दिसंबर को फरियादिया शर्मिला कटारा निवासी मुखर्जीनगर विदिशा ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोरों ने उनके किराए के मकान के ताले तोड़कर 12 दिसंबर की रात चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की।

गिरफ्तार आरोपियों में अफजल अली पिता महबूब अली (32 वर्ष), निवासी टावर वाली गली, नारियल खेड़ा, भोपाल तथा अतिउल्लाह उर्फ आशु पिता रफीउल्लाह (30 वर्ष), निवासी माली खेड़ी, चोपड़ा कला भोपाल शामिल हैं। आरोपियों से एक सोने की चेन, मंगलसूत्र का पेंडल, सोने की अंगूठी और 5 जोड़ी चांदी की पायल बरामद की गई है।





**विदिशा।** मुखर्जीनगर में चोरी करने वाले आरोपियों को दबोचकर थाने लेकर आई पुलिस ने किया चोरी का खुलासा।

### बाहर के चोरों के निशाने पर है विदिशा

शहर में लगातार हो रही चोरियों में बाहर चोर शामिल होने से साफ हो गया है कि विदिशा शहर चोरों के निशाने पर और वह स्थानीय चोरों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। विगत दिनों हुए खुलासे में भी भोपाल के चार पकड़े गए थे। सर्दियां आते ही चोर गिरोह सक्रिय हो जाते हैं क्योंकि रात में ठंड के मौसम में लोग घरों में दुबके रहते हैं। इसका फायदा उठाकर चोर वारदात को अंजाम दे देते हैं।

## राजस्व वसूली में तेजी के निर्देश

# हर तहसील को प्रतिदिन 10 लाख रुपए वसूली का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

राजस्व वसूली के निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा करने कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि राजस्व वसूली में शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। जिले की प्रत्येक तहसील को प्रतिदिन न्यूनतम 10 लाख रुपए की वसूली करनी होगी।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने तहसीलदारों एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करते हुए बकाया राशि की प्रभावी वसूली पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए वसूली योग्य मामलों की नियमित समीक्षा कर ठोस कार्ययोजना तैयार करने तथा मैदानी स्तर पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि राजस्व वसूली की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और विधि-सम्मत होनी चाहिए, जिससे आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न हो। वसूली की दैनिक प्रगति की सतत निगरानी की जाएगी और लक्ष्य से पीछे रहने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

### वसूली में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने भी जिले की सभी तहसीलों में राजस्व मदों में शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भू-राजस्व, पंचायत उपकर, शाला उपकर, डायवर्सन शुल्क एवं अर्थदंड की पूर्ण वसूली अनिवार्य है। सभी लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर बकाया राशि की शीघ्र वसूली की जाए। अपर कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि वसूली कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रतिदिन वसूली की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत राजस्व वसूली से जिले की वित्तीय स्थिति मजबूत होगी और विकास कार्यों को गति मिलेगी।

# सड़क निर्माण शुरू होने के बाद भी धरना खत्म नहीं करेंगे पार्षद, सिर्फ स्थगित करेंगे

## नपा पार्षदों का धरना 38वें दिन भी जारी, सहमति के बाद अस्थाई स्थगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नगरपालिका के पार्षदों और उनके प्रतिनिधियों का धरना शुक्रवार को 38वें दिन भी जारी रहा।

विभिन्न मांगों को लेकर गांधी चौक पर चल रहे इस धरने के संबंध में नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा के साथ पार्षदों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगरपालिक के कुछ कर्मचारियों को हटाने पर सहमति बनने के बाद धरने को अस्थायी रूप से स्थगित करने का निर्णय लिया गया। पार्षद लंबे समय से 14 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। उनकी प्रमुख मांगों में सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर का तबादला तथा अन्य कथित कर्मचारियों को हटाना शामिल है। पार्षदों का आरोप है कि जिन कर्मचारियों के तबादले एवं शाखा परिवर्तन के प्रस्ताव पीआईसी बैठक में पारित हो चुके हैं, वे अब भी उसी विभाग में कार्यरत हैं।

### निर्माण पूरा नहीं हुआ, पुनः शुरू करेंगे: धर्मेंद्र

धरना समाप्त कराने के उद्देश्य से हुई बैठक में सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम सुंदर शर्मा सहित धरना दे रहे पार्षद प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सीएमओ के तबादले के मुद्दे पर पार्षदों का रुख कुछ नरम हुआ, लेकिन अन्य कर्मचारियों को हटाने की मांग पर वे अड़े रहे। पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र सक्सेना ने बताया कि भ्रष्ट कर्मचारियों को हटाने का आश्वासन दिया गया है। आज शनिवार से शहर में सड़क निर्माण कार्य शुरू होने की बात कही गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि धरना समाप्त नहीं, बल्कि केवल अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है। यदि जर्जर सड़कों का निर्माण पूरा नहीं हुआ, तो आंदोलन पुन: शुरू किया जाएगा।

### नरयावली घटना के विरोध में आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

**गुलाबगंज।** नरयावली थाने के चांदामऊ गांव में लव जिहाद एवं आगजनी की घटना के विरोध में शुक्रवार को गुलाबगंज तहसील कार्यालय में चिढ़ार समाज सहित विभिन्न हिंदूवादी संगठनों ने ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि फहीम खान नामक युवक द्वारा एक युवती को धमकाने के बाद उसके घर में आगजनी की गई, जिसमें युवती की बड़ी बहन व दो भाई गंभीर रूप से झुलस गए। इलाज के दौरान दोनों भाइयों की मौत हो गई, जबकि 60 प्रतिशत झुलसी युवती जीवन-मृत्यु से संघर्ष कर रही है। होश में आने पर युवती ने आरोपी को घटनास्थल से भागते देखने की बात कही। संगठनों ने अपराधी पर एनएसए लगाने, बुलडोजर कार्रवाई, लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

### पशुओं के परिवहन में लिप्त वाहन राजसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशों के तहत जिले में पशुओं के अवैध परिवहन के मामलों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

पशुओं के अवैध परिवहन में संलिप्त पाए गए एक वाहन को राजसात किए जाने के आदेश पारित किए गए हैं। पशुओं के अवैध परिवहन के एक प्रकरण में जब्त किए गए वाहन बुलेरो लोडिंग को राजसात किया गया है। यह कार्रवाई आरोपी संतोष पिता घासीराम ठाकुर, उम्र 38 वर्ष, निवासी काछीखेड़ा, थाना सारंगपुर, जिला राजगढ़ के विरुद्ध की गई है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि पशुओं के अवैध परिवहन, क्रय-विक्रय एवं तस्करी पर निगरानी बनी हुई है। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम सहित संबंधित कानूनों के तहत दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

### हिजाब हटाने का विरोध: मुस्लिम त्योहार कमेटी ने सीएम के खिलाफ सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ एक महिला डॉक्टर के हिजाब को हटाने के कथित प्रयास को लेकर जिला मुस्लिम त्योहार कमेटी ने झूलनपीर पर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मुख्यमंत्री पर सार्वजनिक रूप से महिला के हिजाब के साथ हस्तक्षेप करने का आरोप लगाते हुए इसे धार्मिक स्वतंत्रता और व्यक्तिगत निजता का उल्लंघन बताया गया है। मुस्लिम त्यौहार कमेटी के अध्यक्ष मुआज मेहमूद कामिल ने बताया कि किसी भी सार्वजनिक पद पर आसीन व्यक्ति से संविधान के मूल्यों की रक्षा की अपेक्षा की जाती है, लेकिन इस घटना से अल्पसंख्यक समुदाय और महिलाओं में असुरक्षा एवं अपमान की भावना उत्पन्न हुई है।

मुस्लिम त्योहार कमेटी ने मांग की कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस पूरे मामले में सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, ताकि यह स्पष्ट संदेश जाए कि महिला सम्मान और धार्मिक आस्था सर्वोपरि है।

### बच्चों से कराई पानी की टंकी की सफाई

**ग्यारसपुर।** ग्राम मानोरा स्थित एकीकृत माध्यमिक शाला में शिक्षा व्यवस्था की गंभीर अनियमितताएं उजागर हुई हैं। स्कूल में लंबे समय से साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था की घोर अनदेखी की जा रही थी, जिससे बच्चे दूषित पानी पीने को मजबूर थे। इस लापरवाही को लेकर खबर प्रकाशित होते ही स्कूल प्रबंधन हरकत में आया, लेकिन सुधार के नाम पर और भी चिंताजनक कदम उठाया गया। शुक्रवार दोपहर शिक्षकों ने छोटे-छोटे बच्चों से पानी की टंकी के अंदर उतरकर सफाई करवाई। यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि बच्चों की सुरक्षा के साथ गंभीर खिलवाड़ भी है। जिन मासूमों की सुरक्षा की जिम्मेदारी शिक्षकों पर है, उन्हें जोखिम में डालना सवालों के घेरे में है। एक दिन पहले ही स्कूल के एक शिक्षक का अभद्रता करता वीडियो वायरल हुआ था।

## शिविर में पहुंचे वार्डवासियों की समस्याओं को सुना गया

# रामलीला चौराहे पर जनसमस्या निवारण शिविर लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुलाबगंज

नगरपालिका द्वारा आपकी नगरपालिका आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को रामलीला चौराहे पर जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया। इस शिविर में वार्ड क्रमांक 1, 2, 7 एवं 8 के नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुना गया और मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए। यहां पेयजल, साफ-सफाई, सड़क, विद्युत व्यवस्था, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं, पेंशन, आवास, राजस्व कर संबंधी समस्याओं सहित अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से अधिकांश समस्याओं का तत्काल समाधान किया गया, जबकि शेष मामलों को शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित विभागों को सौंपा गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया, जहां नागरिकों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को सभी वार्डों में ऐसे शिविर लगाए जाएंगे। नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचाना नगरपालिका की प्राथमिकता है। शिविर में नगरपालिका सीएमओ दुर्गेश ठाकुर सहित नपा के अधिकारी मौजूद रहे।



हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता- बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाज़ार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता- कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृद्दि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### एडीएम ने किया मंडी का निरीक्षण, किया जुर्माना



**गंजबासौदा।** नई कृषि मंडी में किसानों को मिल रही सुविधाओं की हकीकत जानने गुरुवार को एडीएम अनिल डामोर ने औचक निरीक्षण किया। उनके साथ प्रभारी मंडी प्रशासक एसडीएम मनोज जैन भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने भावांतर योजना के तहत सोयाबीन बेचने आए किसानों से सीधे बात की। उन्होंने जाना कि पंजीयन कराने वाले किसान वाकई में उपज लेकर नीलामी में पहुंच रहे हैं या नहीं। नीलामी के दौरान मिलने वाली सुविधाएं और मंडी समिति की व्यवस्थाएं किसानों तक पहुंच रही हैं या नहीं। कैंटीन में 5 रुपए की थाली की गुणवत्ता बेहद खराब मिली। जबकि ठेकेदार को इसके लिए 10 रुपए का भुगतान किया जाता है। एडीएम ने ठेकेदार को फटकार लगाते हुए 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाने के आदेश मंडी सचिव को दिए। कैंटीन प्रभारी बाबूलाल की लापरवाही पर तीन दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। किसानों के लिए विश्रामगृह की व्यवस्था देखी गई। गद्दे और कंबलों की कमी पर एडीएम ने संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। पानी की टंकी के पेयजल की गुणवत्ता जांची गई। टंकी के पास गंदगी मिलने पर एडीएम ने नाराजगी जताई। सफाई के लिए ठेकेदार को अतिरिक्त कर्मचारी लगाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य शिविर को खुले मैदान में लगाने के निर्देश दिए गए। पिछले तीन दिनों में 113 किसानों का स्वास्थ्य परीक्षण हो चुका है। इस शिविर का अधिक से अधिक किसानों को लाभ मिले इसके लिए शिविर खुले मैदान में लगाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मंडी सचिव सोहनलाल भी मौजूद रहे। प्रशासन की सख्ती से साफ है कि अब मंडी में किसानों की सुविधाओं में लापरवाही करने वालों पर सीधी कार्रवाई होगी।

# ब्राउन शुगर, गांजा, हथियार सहित छह आरोपी पकड़ाए, एक युवती भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

एसपी रोहित कासवानी ने विदिशा में प्रेस नोट जारी कर गंजबासौदा पुलिस द्वारा ब्राउन शुगर, गांजा के अवैध कारोबार में लिप्त छह आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी दी। इन आरोपियों के पास से पुलिस ने अवैध हथियार, कारतूस, आभूषण और वाहन सहित करीब 20 लाख रूपए का मशरूका बरामद किया है। यहां उल्लेखनीय है कि गत दिवस इसी मामले में चार आरोपियों के नाम सामने आए थे, लेकिन एसपी ने पकडे गए सभी छह आरोपियों की जानकारी साझा की।

प्रेस नोट में बताया गया कि पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार एवं अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के एवं एसडीओपी बासौदा शिखा भलावी के मार्गदर्शन में गंजबासौदा पुलिस द्वारा सघन कार्रवाई की गई। जिसमें अलग–अलग स्थानों पर दबिश देकर छह आरोपियों को पकडकर उनसे मादक पदार्थ, हथियार, नगदी एवं वाहन जब्त किए गए। पकडे गए आरोपियों में शानू उर्फ देवेंद्र त्यागी, निवासी पठार मोहल्ला गंजबासौदा के कब्जे से 30 ग्राम ब्राउन शुगर, 52,000 नगद, 1 मोटर साइकिल एवं सोने–चांदी के जेवरात जब्त कर धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं दूसरे आरोपी चंद्रमोहन उर्फ शिव पाराशर निवासी पंडापुरा के कब्जे से 1 देशी कट्टा 315 बोर, 2 कारतूस 315 बोर, 7 कारतूस 12 बोर एवं 1 स्कूटी जब्त कर धारा 25(ए) आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई, आरोपी लक्की व्यास, निवासी पंडापुरा, गंजबासौदा के कब्जे से 1 छुरा एवं 1 मोटर साइकिल जब्त कर धारा 25 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई।, आरोपिया अंबिका रघुवंशी, उम्र 32 वर्ष, निवासी भोपाल के कब्जे से 250 ग्राम अवैध गांजा



जब्त कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई, आरोपी जसवंत घोषी, निवासी ग्राम करोंदाकला, थाना गुलाबगंज के कब्जे से 300 ग्राम अवैध गांजा एवं 1 मोटर साइकिल जब्त कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई, अभिनव दंडोतिया, निवासी पठारपुरा गंजबासौदा के कब्जे से 1 छुरा एवं 1 मोटर साइकिल जब्त कर धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इस तरह आरोपियों के पास से ब्राउन शुगर 30 ग्राम, गांजा 550 ग्राम, नगदी 52,000, 5 मोटरसाइकिल, 1 देशी कट्टा 315 बोर, 9 जिंदा कारतूस, 29 ग्राम सोने के जेवरात, 131 ग्राम चांदी के जेवरात सहित कुल मशरूका लगभग 20 लाख का जब्त किया गया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गंजबासौदा शहर संजय वेदिया, बासौदा देहात से उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह ठाकुर, प्रहलाद सिंह चौहान, गौरव रघुवंशी, गौरव वाजपेई, सहायक उपनिरीक्षक मनोज तिवारी, दुर्ग सिंह, प्रधान आरक्षक चंद्रभान साहू, वैजनाथ यादव, दिव्यक्रांति भार्गव, सत्येंद्र सिंह, सुरेश सिंह, आरक्षक रिषभ श्रीवास्तव, राहुल झा, प्रकाश अम्लियार, रामनिवास मीना, रत्नेश कुमार, सुमित अवस्थी ,अभिषेक शुक्ला, महिला आरक्षक प्रियंका तिवारी सहित सैनिक कृष्णपाल सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अवैध मादक पदार्थ, हथियार एवं आपराधिक गतिविधियों एवं किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल डॉयल-112 या नजदीकी पुलिस थाने को दें।

## अभिभाषक संघ के चुनाव में इस बार रहा रोमांचक त्रिशंकु मुकाबला

# अमान सिंह राजपूत 109 मत लेकर बने अभिभाषक संघ के नए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को पुराने न्यायालय भवन में अभिभाषक संघ के चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। सुबह 9:30 बजे से मतदान प्रारंभ हुआ, जो शाम 3:30 बजे तक चलता रहा। दोपहर 1 बजे तक लगभग 180 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। मतदान के तुरंत बाद मतगणना एवं परिणामों की घोषणा की गई। जिसमें अमान सिंह राजपूत ने सर्वाधिक मत प्राप्त कर अभिभाषक संघ के नए अध्यक्ष पद को प्राप्त कर लिया।

उल्लेखनीय है कि अभिभाषक संघ में कुल 299 मतदाता हैं, जो इन चुनावों में हिस्सा ले रहे हैं। दोपहर बाद मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना का कार्य किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों के मतों की गणना शाम 6:30 बजे तक



गंजबासौदा। मतदान करते अभिभाषक



गंजबासौदा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्य

पूरी हो गई। इसके बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों के लिए मतगणना शुरू की गई, जो रात करीब साढे आठ बजे तक चली। जिसके बाद परिणाम घोषित किए गए। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए अमान सिंह राजपूत को निर्वाचित घोषित किया गया। अमान सिंह को सर्वाधिक 109 मत मिले, जबकि नरेन्द्र व्यास को 87 और अखिलेश लाहौरी को 79 मत मिले। वहीं उपाध्यक्ष पद पर एडवोकेट द्वारकाप्रसाद (जीपी) किरार 178, सचिव पद पर एडवोकेट राजेश शर्मा 145, सहसचिव पद के लिए एडवोकेट एडवोकेट सौरभ सक्सैना 187, कोषाध्यक्ष पद पर एडवोकेट सिद्धार्थ कुमार जैन 156, पुस्तकालय सचिव पद पर एडवोकेट अर्जुन सिंह कुर्मी 98 मत लेकर निर्वाचित हुए। वहीं कार्यपरिषद सदस्य पद के लिए एडवोकेट दिनेश नामदेव, एडवोकेट नरेंद्र सिंह राजपूत, एडवोकेट रूपेश कुशवाह और एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी निर्वाचित हुए हैं। वहीं कार्यपरिषद सदस्य (आरक्षित महिला) पद के लिए एडवोकेट रुचि जैन निर्वाचित हो गई हैं। देर शाम परिणाम घोषित होने के बाद अभिभाषक संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित नवनिर्वाचित संघ सदस्यों को पुष्पहार पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया।

## कस्तूरबा गांधी छात्रावास की छात्राओं ने जीते स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक



गंजबासौदा। प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जिला स्तरीय अस्मिता किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय उदयपुर की बालिकाओं ने अपने अद्भुत साहस, अनुशासन और कठोर परिश्रम का परिचय देते हुए 5 स्वर्ण, 5 रजत एवं 2 कांस्य पदक अर्जित कर विद्यालय, जिला एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि को प्राप्त करने वाली प्रतिभाशाली बालिकाओं में चांदनी अहिरवार (कक्षा 7), स्वाति अहिरवार (कक्षा 8), इमरती यादव (कक्षा 8), अर्पिता लोधी (कक्षा 9), तनीषा अहिरवार (कक्षा 10), कशिश सेन (कक्षा 10), अनन्या (कक्षा 7), दिव्या बंसल (कक्षा 6), क्रांति वंशकार (कक्षा 7), वैशाली अहिरवार (कक्षा 7), रागिनी अहिरवार (कक्षा 7), आरुषि लोधी (कक्षा 7), अनामिका लोधी (कक्षा 7), रजनी अहिरवार (कक्षा 11) एवं अंकिता लोधी (कक्षा 11) शामिल हैं। बालिकाओं की यह सफलता नारी सशक्तिकरण, आत्मविश्वास एवं खेलों में बालिकाओं की बढ़ती भागीदारी का सशक्त उदाहरण है। विद्यालयीन स्टॉफ ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी बालिकाओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यहां उल्लेखनीय है कि इस बालिका छात्रावास में ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाएं ही रहकर अध्ययन करती हैं और मूलभूत सुविधाओं की कमी के बावजूद उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह उपलब्धि पाई है।

# निमित के वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर पद पर चयन होने पर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के प्रतिभाशाली छात्र निमित रघुवंशी का चयन वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर हुआ है। इस अवसर पर नवांकुर विद्यालय परिवार द्वारा निमित का सपरिवार सम्मान किया गया। प्रातः काल प्रार्थना-सभा में निमित का विद्यालय में आगमन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा निमित का सपरिवार फूलों का हार पहनाकर सम्मान किया गया। साथ ही निमित को एक आकर्षक पेंटिंग भेंट की गई, जिसे कक्षा-12 के विद्यार्थी और चित्रकार हर्षित दीक्षित ने अपने हाथों से बनाकर भेंट की। सपरिवार निमित का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया तथा तालियां बजाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर निमित ने विद्यार्थियों के समक्ष अपने अनुभव साझा किये तथा विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को मेरिट कार्ड वितरित किए।




गंजबासौदा। नवांकुर विद्यालय परिवार ने किया निमित का सम्मान

उल्लेखनीय है कि निमित ने नगर के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययन किया है तथा स्वयं अपने बलबूते पर परिश्रम करके यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। जो कि उसके प्रेरणा स्रोत रहे हैं। निमित सीनियर अंडर एनसीसी ऑफिसर भी रह चुके हैं। विद्यालय परिवार ने निमित और उसके परिवार को बधाइयां देकर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर नवांकुर विद्यालय के छात्र, छात्राऐं एवं विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### विद्यार्थियों को किया प्रेरित

**गंजबासौदा।** कॉलेज चलो अभियान के तहत शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा सुभाष निकेतन स्कूल एवं राजीव मेमोरियल स्कूल की 12वी कक्षा के छात्र, छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश हेतु प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में एवं अभिषेक सिंह के नेतृत्व में महाविद्यालय की समिति द्वारा छात्राओं को स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी और उन्हें समय पर पंजीयन कएवं प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया। अभिषेक सिंह, डाक्टर सुनील पाटीदार ने महाविद्यालय में संचालित विभिन्न संकायों कला, बीएससी (बायो), बीएससी (गणित), कंप्यूटर साइंस के साथ-साथ नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों पर भी विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान छात्राओं को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न छात्र हितैषी योजनाएं, करियर मार्गदर्शन और शैक्षणिक सुविधाएं की जानकारी भी दी गई। महाविद्यालय की समिति ने छात्राओं के द्वारा प्रवेश के संबंध में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर भी दिया।

# विधायक ने दो सड़कों और सामुदायिक भवन का किया भूमि पूजन, सवा करोड़ की लागत से होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने ग्राम नहारिया, खजूरी और दैलवाड़ा में सड़क और सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। यह निर्माण कार्य सवा करोड रुपए की लागत से किए जाएंगे। इस दौरान विधायक और भाजपा नेताओं ने प्रदेश और केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी।

जानकारी के अनुसार गंजबासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने उदयपुर क्षेत्र के ग्राम दैलवाड़ा, खजूरी और नहारिया में अलग-अलग स्थानों पर भूमि पूजन किया। जिसमें ग्राम दैलवाड़ा में ग्राम दैलवाड़ा से दैलवाड़ा आदिवासी बस्ती तक सड़क का भूमि पूजन किया गया। इस बहु प्रतीक्षित सड़क का निर्माण 55 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। ग्राम खजूरी में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम




खजूरी से ग्राम पधार तक सड़क का भूमि पूजन किया गया। इस सड़क का निर्माण 48 लाख रुपए की लागत से होगा। ग्राम नहारिया में 25 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा जिसका भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने प्रदेश और केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार अति संवेदनशील है। जो जन-जन की चिंता करती है और उनके उत्थान और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सहरिया आदिवासी महिलाओं के लिए आहार अनुदान योजना लागू की है। जिसमें सहरिया आदिवासी महिलाओं के बैंक खाते में प्रति महीना 1500 रुपया आएंगे। जिससे महिलाएं अपने परिवार के लिए पोषण आहार खरीद सकेंगी। जिससे परिवार को कुपोषण से मुक्ति मिलेगी। इस योजना का सर्वे भी प्रारंभ हो गया है। आपके घर पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी और अन्य अधिकारी आएंगे। जो आपसे जानकारी मांगेंगे आप भी सहयोग करें। समय सीमा में जानकारी उपलब्ध कराकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लें। ग्रामीणों ने बहु प्रतीक्षित सड़क और सामुदायिक भवन निर्माण के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और विधायक हरि सिंह रघुवंशी का आभार माना।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र मैना, जनपद पंचायत में विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह रघुवंशी, दैलवाड़ा सरपंच अनरेश शुक्ला, मुड़री सरपंच गीता रनवीर सिंह, जनपद सदस्य गजराज मैना सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दी रंगारंग प्रस्तुतियां

# पीएम श्री शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव संपन्न



गंजबासौदा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण



गंजबासौदा। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग प्रस्तुति देती छात्राऐं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडी में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में सांस्कृतिक चेतना बढ़ाना और उनका आत्मविश्वास विकसित करना था। विद्यार्थियों, अभिभावकों और अतिथियों के सामने दी गई प्रस्तुतियों में श्री रामचरित मानस के कई प्रसंगों का मंचन विशेष रूप से सराहा गया। इसमें रावण द्वारा माता सीता का हरण और जटायु के घायल होने का मार्मिक दृश्य शामिल था।

इसके अतिरिक्त, सीता जी की तलाश में भगवान राम और लक्ष्मण का शबरी की कुटिया में पहुंचना और शबरी द्वारा झूठे बेर खिलाने का प्रसंग भी प्रस्तुत किया गया। छात्राओं ने सामूहिक नृत्य, जागरूकता संबंधी गीत और भक्ति गीतों पर भी आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और कार्यक्रम की सफलता में इजाफा किया। विद्यालय के प्रभात श्रीवास्तव ने बताया कि वार्षिक उत्सव सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 20 दिसंबर को विद्यालय में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और आगामी वार्षिक परीक्षाओं के लिए छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करने और बिना किसी दबाव के परीक्षा देने की सलाह दी। इस अवसर पर छात्राऐं, पालकगण एवं विद्यालयीन स्टॉफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय शिक्षिका मेघा जैन एवं शिक्षक मनोज राठौर ने किया एवं प्राचार्य प्रभात श्रीवास्तव ने समस्त सहभागियों का आभार व्यक्त किया।

# वाचनालय में महापुरुषों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा महापुरुषों को याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने देश के महान क्रांतिकारी राजगुरु, भगत सिंह, महान कवि रहीम क़े व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुनील बाबू पिंगले ने महान कवि रहीम के योगदान एवं भगत सिंह, राजगुरु द्वारा ब्रिटिश सेना अधिकारी सैंडर्स की हत्या का महत्व एवं देश क़े लिए दोनों के बलिदान को प्रेरणादायक बतलाते हुए उनके सिद्धांतों एवं नीतियों को अपने आचरण में उतारने की आवश्यकता पर जोर दिया और उनके जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेने की बात कही। इस अवसर पर




गंजबासौदा। काव्यगोष्ठी में उपस्थित साहित्यकारगण

डॉ. अशोक रोहिले ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में विशेष रूप से नामदेव समाज अध्यक्ष प्रकाश नामदेव ने पाठक संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में आभार पाठक संघ के प्रभारी सतीश शिल्पकार ने व्यक्त किया। इस अवसर पर फुटकर व्यापार संघ के अध्यक्ष नरेंद्र जैन, नरेंद्र औदिच्य, नंदकिशोर सोनी, मोहन सैनी, मोनू मैना, सोनू पटवा, राधव पिंगले, कैलाश नेमा, सतीश सेन सहित अन्य पाठकगण उपस्थित थे।

### मेडिकल संचालकों को एक्ट और नियमों के पालन करने के दिए निर्देश

# ड्रग इंस्पेक्टर ने गांवों में संचालित की जा रही मेडिकल का किया निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश अनुसार जिला ड्रग इंस्पेक्टर जॉन प्रवीण कुजूर के द्वारा जिले में निरंतर इंस्पेक्शन का कार्य किया जा रहा है। वही जिला ड्रग इंस्पेक्टर के द्वारा सिरोंज तहसील में ग्राम भोंरिया, गरेंठा एवं दामोदर खेड़ी में संचालित मेडिकल स्टोर्स का विधिवत निरीक्षण किया गया।

इस मौके पर ग्राम भोंरिया में संचालित रियांशी मेडिकल स्टोर, ग्राम गरेंठा में संचालित दानी मेडिकल स्टोर, बालाजी मेडिकल स्टोर, कुशवाह मेडिकल एजेंसी सहित ग्राम दामोदर खेड़ी में संचालित विस्वास मेडिकल एजेंसी के निरीक्षण कर मेडिकल संचालको को शेड्यूल एच 1 का रिकॉर्ड एवं क्रय -विक्रय के बिल प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर ड्रग इंस्पेक्टर श्री कुजूर ने बताया कि सम्बंधित मेडिकल स्टोर्स का विधिवत निरीक्षण किया गया है जिसमे मेडिकल संचालको के द्वारा ड्रग एवं कॉस्मेटिक एक्ट व फार्मेसी एक्ट एवं नियमों के पालन में अनियमितताएं पायी गयी हैं इस हेतु नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

#### मेडिकल संचालकों को नियमों के पालन करने की दी हिदायत

इस मौके पर ड्रग इंस्पेक्टर श्री कुजूर ने चेकिंग के दौरान सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के नियमों और नियमावली का पालन सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर लाइसेंस निलंबित करने से लेकर रद्द करने तक की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होने मरीजों को दवा देते समय पक्का बिल देना अनिवार्य बताया। अक्सर देखा जाता है कि मेडिकल स्टोर संचालक बिल नहीं देते, जो लापरवाही को दर्शाता है। साथ ही, स्टोर्स को अपनी सभी दवाइयाँ केवल सही स्टॉकिस्ट से बिल के साथ ही खरीदने के निर्देश दिए गए। ड्रग इंस्पेक्टर ने जोर दिया कि यदि मेडिकल स्टोर मरीजों को सही दवाएँ सही तरीके से उपलब्ध नहीं कराते हैं, तो इसका सीधा असर उनके स्वास्थ्य पर पड़ता है। यह न केवल व्यापारिक नैतिकता के विरुद्ध है, बल्कि उनके व्यवसाय के लिए भी हानिकारक है।

# कांग्रेस की ये नई टीम कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने का कार्य करेगी: भरत दीप

### नव नियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक प्रतिनिधि भरत दीप मेहता के निवास पर नव नियुक्त कांग्रेस के ब्लॉक व नगर अध्यक्षों का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर सिरोंज ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश यादव व नगर कांग्रेस अध्यक्ष सैफू गध्धी एंव देवपुर ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत का कांग्रेस नेताओं से फूलमाला पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता भरतदीप मेहता ने कहा कि सासंद सदस्य दिग्विजय सिंह,पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह एंव प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा सिरोंज कांग्रेस की जो नई टीम बनाई है और जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश यादव को पुनः ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया एंव दो युवा साथियो को नई जिम्मेदारी दी गई है। जिससे इस उम्मीद लगाई जा रही है कि जल्द ही कांग्रेस की नई टीम कांग्रेस कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने का कार्य करेगी। वही आगामी विधानसभा व नगरीय निकाय चुनावो में भी यह टीम कुछ अलग तरह से कार्य कर संगठन को मजबूती प्रदान करेगी। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अवध नारायण श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। संगठन की मजबूती को लेकर जरूरी है कि अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई जाए। इसको लेकर पार्टी के स्तर से सदस्यता अभियान भी चलाया जा रहा है। ताकि कांग्रेस पार्टी को और अधिक मजबूत किया जा सके।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता केशर खान ने कांग्रेस का इतिहास बताते हुए कहा कि भारत के प्रमुख राजनीतिक दलों में शुमार कांग्रेस का गठन 28 दिसंबर 1885 को हुआ था। इसकी स्थापना अंग्रेज एओ ह्यूम थियिसोफिकल सोसाइटी के प्रमुख सदस्य ने की थी। दादा भाई नौरोजी और दिनशा वाचा भी संस्थापकों में शामिल थे। संगठन का पहला अध्यक्ष व्योमेशचंद्र बनर्जी को बनाया गया था। उन्होने कहा कि कांग्रेस के गठन का मुख्य उद्देश्य भारत की आजादी था, लेकिन स्वतंत्रता के पश्चात यह भारत की प्रमुख राजनीतिक पार्टी बन गई।

वही वरिष्ठ कांग्रेस नेता अंसार खान ने कहा कि हमारे नए ब्लॉक अध्यक्ष व नगर अध्यक्ष युवाओं को कांग्रेस में संगठित कर जल्द ही संगठन को मजबूती प्रदान करेगें। वही पूर्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा जो सिरोंज में कांग्रेस की नई टीम बनाई है वह संगठन को मजबूरी प्रदान तो करेगी ही। साथ ही संगठन में युवाओं को जोडकर संगठन को आगे बडाने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। इसमें महेन्द्र उपाध्याय, सुरेश यादव,सैफू गध्धी,अर्जुन सिंह राजपूत, रजत गौड़, सुयोग शर्मा, चन्द्र शेखर तिवारी, बाबू भाई, अशोक दुबे, अरविन्द नगीना, अजहर गौरी, राजकुमार सक्सेना, बिलाल शकूर आदि ने संबोधित किया।

## भक्तों के विशेष प्रेम के कारण अवतरित होते हैं भगवान: बापू



**सागर।** खेल परिसर के बाजू वाले मैदान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में परम पूज्य संत श्री चिन्मयानंद बापू जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा में चतुर्थ स्कंध में ध्रुव जी महाराज का चरित्र आया ध्रुव जी ने मात्र 6 वर्ष की आयु में भगवान को पा लिया। मानव भागवत कथा हमें यह सिखाती है कि यदि हमें ईश्वर को पाना है तो उसमें उम्र का महत्व नहीं होता है बल्कि भाव और आपके प्रेम का महत्व होता है। यदि आपने सच्चे मन से ईश्वर को याद किया और आप का भाव पवित्र है। मन पवित्र है तो भगवान भी मिलने में देर नहीं लगाते हैं । तत्क्षण भगवान आपको अपनी शरण में ले लेता है। ध्रुव जी महाराज की चरित्र से एक शिक्षा हमें यह भी मिलती है कि हम भी अपने बच्चों को छोटे से ही संस्कारित करें ईश्वर की कथाओं से जुड़े और ईश्वर से प्रेम करना सिखाए।

## शिवसेना शीर्ष नेतृत्व से मनी सिंह गुरौन को मिले निर्देश, प्रदेश में जल्द करेंगे संगठन विस्तार

**सागर।** मनी सिंह गुरौन सनातन धर्म और सनातन संस्कृति को लेकर बेहद गंभीर नजर आ रहे हैं। संभवत इसी सोच के चलते इन्होंने हाल ही में शिवसेना का दामन थाम कर हिंदुत्व के मुद्दे को आगे बढ़ाने और सनातन विरोधियों को सबक सिखाने का संकल्प भी लिया है। मनी सिंह लव जिहाद, धर्मातरण, जैसे अनेक मुद्दों को लेकर भी सक्रिय है। शिवसेना राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी की अनुशंसा पर मनी सिंह ने राज्य संगठक का पद ग्रहण करते ही संगठन से जुड़े युवाओं में ऊर्जा भरने का काम शुरू कर दिया है। मनी सिंह की माने तो आगामी फरवरी माह में शिवरात्रि के अवसर पर पूरे प्रदेश में संगठन से नई युवाओं को जोड़ने और उनकी नियुक्तियां करने के उद्देश्य से उनकी मुहिम शुरू होगी। और प्रदेश के हर जिले के पदाधिकारियों की कार्य कुशलता का आंकलन किया जायेगा। जो अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा रहे हैं, उनके निष्कासन और नए युवाओं को संगठन में जोड़कर उन्हें प्रोत्साहित करने का काम भी किया जाएगा। मनी सिंह शिवसेना के शीर्ष नेतृत्व से लगातार संपर्क में हैं।

## देवपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बने अर्जुन राजपूत



**सिरोंज।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह व प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री जय वर्धन सिंह की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश कांग्रेंस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अर्जुन राजपूत को देवपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने उन्हें बधाईयां दी।

## वित्तीय संहिता एवं कोषालय संहिता पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार जिला कोषालय सागर द्वारा कोषालय संहिता, वित्तीय संहिता एवं भण्डार क्रय नियम के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ कोषालय अधिकारी शशिकांत पौराणिक द्वारा वित्तीय नियमों एवं प्रक्रियाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया तथा संबंधित प्रारूपों की जानकारी भी प्रदान की गई। इस प्रशिक्षण में जिले के आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डीडीओ) एवं लेखापालों ने उपस्थित रहकर वित्तीय विषयों से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण में अनिल पाण्डेय (सिस्टम मैनेजर), संजय सोनी (एटीयू), गोविन्द अहिरवार, राजदीप शुक्ला सहित अन्य कोषालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधान का हुआ घट यात्रा व ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी मकरोनिया सागर में आज से श्री 1008 सिद्ध चक्र महामण्डल विधान का शुभारंभ हुआ, जिसमें सबसे पहले घटयात्रा एवं ध्वजारोहण किया गया। विधान कराने का सौभाग्य वाणीभूषण विद्वान पंडित उदय चंद शास्त्री परिवार द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें उनके पुत्र इंजीनियर अंशुल सौधर्म इंद्र बनकर, पूजा अर्चना कर रहे हैं। इस पावन महाआयोजन में आचार्य श्री 108 विभव सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 विभास्वर सागर जी, मुनि श्री 108 शुद्धोपयोग सागर जी, मुनि श्री 108 श्रीसागर जी एवं मुनि श्री 108 श्रम सागर जी महाराज के साथ-साथ, परम पूज्य समाधि सम्राट, संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के सुयोग्य शिष्य क्षुल्लक रत्न 105 श्री नयसागर जी महाराज का मंगल सान्निध्य प्राप्त हो रहा है।

# एसआईआर अपडेशन कार्य हुआ पूर्ण, 23 दिसंबर को जारी होगी ड्राफ्ट मतदाता सूची

### उदयपुरा बरेली विधानसभा में 13 हजार से अधिक नाम हटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 140 में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण एस आई आर का कार्य पूर्ण हो गया है। 268799 मतदाताओं में से 13023 नाम सूची से हटाए गए हैं। 23 दिसंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की जाएगी।

एसडीएम संतोष मुद्गल ने बीएलओ की बैठक में कहा कि चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार किसी भी तरह की गलती स्वीकार नहीं की जाएगी। बीएलओ को समय रहते अपनी प्रविष्टियों की जांच के निर्देश दिए।

विधानसभा की मतदाता सूचियों से कुल 13023 नाम हटाए गए।हटाए गए नाम मृत व्यक्तियों स्थाई रूप से स्थानांतरित दो स्थानों पर नाम प्रविष्टियों और लंबे समय से संपर्क में ना आने वाले मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। एसडीएम संतोष मुद्गल ने बताया कि मतदाता सूची को सटीक पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना है।इसके लिए हर स्तर पर जांच घर-घर जाकर सत्यापन और डिजिटल मिलान किया गया है कुछ मतदाताओं का पुराना रिकॉर्ड नहीं मिला ऐसे मामलों पर अगले चरण में दोबारा काम होगा।

#### 1244 का नहीं मिला पुराना रिकॉर्ड

जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि 1244 मतदाताओं का वर्ष 2003 का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है जिससे मैपिंग संभव नहीं हो सकी वहीं 1257 घर-घर संपर्क के बाद भी नहीं मिले जिन्हें एवसेंस श्रेणी में रखा गया है। 7888 मतदाता स्थाई रूप से अन्य स्थान पर शिफ्ट हो चुके हैं 3126 मृत और 752 डुप्लीकेट नाम चिन्हित कर सूची से हटाए गए हैं। इन सुधारो के बाद मतदाता सूची अधिक वास्तविक और भरोसेमंद होगी। विधानसभा में पूर्व में 308 मतदान केंद्र, नए 35 मतदान केंद्र और 21 अधिक दूरी वाले मतदान केंद्र कुल मिलाकर अब 364 मतदान केंद्र कुल मतदाता 268799 जिसमें डिजिटाइज्ड मतदाता 255776 है।

# मछवाई नाले के टूटे पुल का बाईपास धंसकने से गड्ढे में फंस रहे वाहन

### 24 घंटे उड़ती धूल लग रहा वाहनों का जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



दिसंबर माह के पहले दिन बरेली पिपरिया मार्ग पर ठेकेदार द्वारा मरम्मत किए जाने के दौरान मछवाई नाले का पुल बीच से टूट जाने की बड़ी घटना हादसे में एक युवक देवेंद्र धाकड़ की मृत्यु हुई थी घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच दल को सात दिवस में जांच रिपोर्ट देना था। जिससे दोषियों पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके घटना को हुए तीन सप्ताह का समय हो गया ना जांच रिपोर्ट का पता है और ना ही पुल टूटने की घटना और गैर इरादतन हुई मौत पर कोई प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई हुई है।

#### जोखिम भरा हुआ बाईपास गड्ढों में तब्दील

तीन चार दिनों में टूटे पुल के पास कच्चा बायपास मार्ग का निर्माण एमपी आरडीसी द्वारा कराया गया बाईपास से प्रतिदिन छोटे बड़े और भारी वाहनों का आवागमन हो रहा है। मिट्टी कोपरा से बनाए गए कच्चे बायपास मार्ग की अत्यधिक क्षतिग्रस्त और गड्ढों से भरा हो जाने से ट्रैक्टर ट्रालियों बड़े वाहनों के पहिए धसके मार्ग गड्ढों में फंसने से दिन में अनेक बार जाम लगने की परेशानियां भरी स्थिति बन रही है।

**चौबीसों घंटे उड़ रही धूल:** पुल की कुछ दूरी पर बायपास मार्ग निर्माण किया गया है। कोपरा मिट्टी वाहनों के आने जाने से धूल में तब्दील हो रही है वाहनों के आवागमन से 24 घंटे धूल का गुब्बारा बना रहने से सबसे अधिक दो पहिया वाहन चालक ऑटो खुले वाहनों में यात्रा करने वालों की आंखों में श्वास में धूल भर जाने की परेशानियों और एलर्जी से जूझना पड़ रहा है। दिनों दिन धूल की मात्रा बढ़ती और मार्ग की हालत जर्जर गड्ढों भरी होने से बाईपास पर चलना अत्यधिक जोखिम भरा हो रहा है।

# सलाहकार समिति सदस्य बने बिदुआ का ब्राह्मण समाज ने किया सम्मान

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी पहुंचकर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



वरिष्ठ पत्रकार नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष समाजसेवी सुरेश बिदुआ को जिला विकास सलाहकार समिति का सदस्य बनाए जाने से ब्राह्मण समाज एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं नेताओं में भारी हर्ष बना हुआ है। बिदुआ के निवास पर पहुंचकर स्वागत सम्मान और बधाई शुभकामनाएं दी जा रही हैं।

भाजपा के जिला सह कोषाध्यक्ष अवनीश पालीवाल ,राम नारायण शर्मा, राजेंद्र ज्योतिषी ,कुलदीप दुबे, अजय शर्मा, प्रतीक द्विवेदी,राजू सराठे ,राकेश तिवारी (भूरा भैया) द्वारा बिदुआ का पुष्पहार से तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया गया और सदस्य बनने पर बधाई शुभकामनाएं दी इस अवसर पर सभी का मुंह मीठा कराया गया।

#### गोवंश की दुर्दशा

स्वागत सम्मान के दौरान क्षेत्र के विकास की विभिन्न योजनाओं विशेष रूप से दर-दर की ठोकरे खा रही गौ माता के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई सभी के द्वारा गौ माता के संरक्षण संवर्धन के लिए 5- 10 ग्रामों के बीच आत्मनिर्भर बड़ी गौशाला बनाने और एक मॉडल गौशाला निर्माण कराने पर सक्रियता पूर्वक कार्य करने की सहमति व्यक्त की।

### 40 किलो की बोरी में 1 किलो अधिक धान की तौल

# समर्थन मूल्य पर धान की खरीद तौल में मनमानी कार्य प्रणाली, भारी मात्रा में हो रही धान की आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



इन दिनों बरेली खरगोन क्षेत्र में बने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केन्द्रों पर मनमानी और 40 किलो की बोरी में 1 किलो अधिक धान तोले जाने की गड़बड़ी और शिकायतें बनी हुई है। खरीदी केंद्र बने वेयर हाउस पर प्रतिदिन भारी मात्रा में धान की आवक हो रही है।

संपूर्ण क्षेत्र में शीत का भारी प्रकोप बना हुआ है भारी ठंड के बीच किसान अपनी धान लेकर केन्द्रों पर पहुंच रहे हैं।किसानों की ग्रामों से सहकारी संस्थाओं के कार्यक्षेत्र ग्रामों की अधिक दूरी के वेयरहाउसों को खरीदी केंद्र बनाया गया है। जहां पुराने फटे बारदानों में धान की तुलाई की जा रही है।

धान खरीदी और तोल के खेल में प्रतिबोरी 1 किलो अधिक एक कुंटल पर ढाई किलो धान की सूखने के नाम पर अधिक तोल का किसानों द्वारा विरोध और शिकायत की जा रही है। धान की खरीद विपणन संघ के लिए सहकारी संस्थान द्वारा की जाकर वेयरहाउस कॉरपोरेशन के गोदाम में स्टाक किया जाता है वेयरहाउस में धान की निकासी के समय वजन कम ना हो इसलिए पूर्व से ही किसानों से एक कुंटल पर ढाई किलो धान की अधिक खरीदी व्यापक चर्चाओं का विषय बन रही है।

खरगोन में दो बरेली में पांच कुल सात खरीदी केंद्र बनाए गए हैं जहां प्रतिदिन हजारों कुंटल धान की खरीद तोल हो रही है।

#### भीषण ठंड की मार

धान खरीदी केंद्र गोदाम खरगोन ,भोंडिया ,कामतोंन, सर्रा ,नयागांव, धोखेड़ा इत्यादि स्थानों पर गांव के बाहर बने हुए हैं।जहां धान लेकर किसानों की ट्रैक्टर ट्रालियों की लंबी लाइन लग रही हैं दिन और रात में भीषण ठंड के बीच किसानों द्वारा अपनी धान की तोल ना होने तक सुरक्षा और रतजगा भी परेशानियों के बीच किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### हंगामा मचा रहे युवक पर 170 की कार्रवाई

**सलामतपुर**। ग्राम कचनारिया में शराब पीकर हंगामा मचा रहे एक युवक को पत्नी की सूचना पर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक पर धारा 170 बीएनएस की कार्रवाई कर शुक्रवार को सांची टप्पा तहसील न्यायालय में पेश किया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम कचनारिया में नीलेश मीणा पिता हरिनारायण निवासी बैरागढ़ शराब पीकर अपनी ससुराल में पत्नी नीरज मीणा को लेने आया था। पत्नी के नहीं जाने पर गांव की शांति भंग कर हंगामा करने लगा। परेशान होकर पत्नी और ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने तत्काल थाने से पुलिस बल कचनारिया गांव भेजा। जहां पर युवक नीलेश को पुलिस ने गिरफ्तार कर थाने ले आई।

### रस्सी का फंदा बनाकर युवक ने लगाई फांसी


**सलामतपुर**। कस्बे के इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी राहुल साहू पिता श्यामलाल उम्र 35 वर्ष ने



गुरुवार रात सोसाइड नोट लिखकर अपने घर पर रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शुक्रवार को राहुल का पोस्टमार्टम सांची सिविल अस्पताल में होने के बाद अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने फिलहाल मर्ग का मामला कायम कर जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि राहुल पर लाखों रुपये का कर्जा हो गया था। जिसकी वजह से बहुत परेशान था और शराब पीने लगा था।

### जयहिंद जैन के निधन से नगर में शोक

**सिलवानी**। आरएसएस, जैन समाज, जैन व्यायाम शाला सहित



अन्य सामाजिक संस्थाओं से सक्रिय रुप से जीवन पर्यांत जुड़े रहे जयहिंद कुमार जैन का गुरुवार की रात्रि को हृदय गति रुक जाने से दुखद निधन हो गया। वह बीते कुछ महिनो से अस्वस्थ्य चल रहे थे। उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार को सुबह के समय निज निवास बस स्टेण्ड के पास से निकाली गई जो कि पड़ान स्थित मुक्तिधाम पहुंची। जहां उनके पुत्र प्रशांत जैन द्वारा मुखाग्नि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थितों ने स्वर्गीय जैन को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

### पुलिस ने पकड़ी में अवैध शराब की 182 बोतल

**सांची**। जिले में अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसते हुए सांची थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने विदिशा–भोपाल रोड पर नाकेबंदी के दौरान एक कार से 182 बोतल अंग्रेजी शराब (कुल 136.5 लीटर) जप्त की है। जानकारी के अनुसार पुलिस को चेकिंग के दौरान कार क्रमांक एमपी 04 सीके 0903 से अवैध अंग्रेजी शराब की 182 बोतलें बरामद की गईं। वहीं चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

### सेल्फी प्वाइंट कर्क रेखा पर मवेशियों का डेरा

**दीवानगंज**। भोपाल विदिशा हाईवे 18 दीवानगंज के पास स्थित कर्क रेखा सेल्फी प्वाइंट पर इन दिनों पर्यटक आवारा मवेशियों से खासा परेशान हो रहे हैं। दिनभर आवारा मवेशी सेल्फी प्वाइंट पर बैठे रहते हैं। मवेशी के बैठे रहने के कारण कर्क रेखा पर हमेशा गंदगी फैली रहती है। पशु बैठे रहने के कारण कर्क रेखा के आसपास गोबर का अंबार लगा हुआ है। बाहर से जो पर्यटक आते हैं उनको कर्क रेखा पर सेल्फी लेने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कर्क रेखा पर ना तो सुलभ शौचालय की व्यवस्था है और ना ही हाईवे 18 को पार कोई उचित व्यवस्था नहीं है, जबकि हाईवे पर वाहनों का अत्यधिक आना-जाना लगा रहता है। सड़क पार करने में पर्यटकों को परेशानियों झैलनी पड़ती है।

---

### जिम्मेदार अधिकारी बने खामोश, नहरों की मरम्मत के लिए आया लाखों का बजट भी चट

# नहरों की साफ-सफाई और मरम्मत न होने से खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा पानी, किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जल संसाधन विभाग रायसेन के माखनी के तालाब की नहरे साफ सफाई, मरम्मत के अभाव में जगह जगह से क्षतिग्रस्त हो गई है। जिससे महीनेभर से नहर का पानी लीकेज से व्यर्थ बह रहा है। ऐसी स्थिति में किसानों के खेतों की रबी सीजन की फसलों की सिंचाई के अभाव में सूखने की कगार पर है।

किसानों ने बताया कि माखनी तालाब की नहरों की ना तो साफ सफाई की गई और ना ही मरम्मत कराई, जिससे जगह-जगह नहरें फूटी पड़ी है। एक जगह से ज्यादा लीकेज होने की वजह से पानी फिजूल बह रहा है, ऐसी स्थिति में आखिरी छोर के किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं पहुंच पा रहा है। माखनी तालाब की नहरें महीने भर पहले से चल रही हैं। लेकिन इसका पानी खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

किसानों ने मामले की शिकायत मंगलवार को कलेक्टर से जनसुनवाई में भी की, लेकिन विभाग के अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी।







#### नहर की सफाई नहीं होने से टेल एरिया तक नहीं पा रहा पानी

ग्राम चांदना, परसौरा, करमोदिया, अमरावद डैम, अपर एवं लोअर पलकमती सुल्तानपुर, बनछोड़ डैम आदि तालाबों से नहरें तो निकली है, लेकिन उन नहरों से पानी किसानों तक नहीं पहुंच पा रहा है। किसानों ने बताया कि विभाग में सालाना लाखों रूपए का बजट आता है। बजट जल उपभोक्ता संस्थाओं के खाते में जमा कर राशि गोलमाल कर ली जाती है। राशि हड़पने का खेल लंबे अरसे से जल संसाधन विभाग में चला आ रहा है।

#### नहरें मांग रही मरम्मत

जिले के मोघा डैम देवरी, सुंड, उमरावगंज, दाहोद डैम से निकलने वाली छोटी नहरों की वर्षो से सफाई और मरम्मत नहीं होने से किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। नहर का पानी खेतों में भर जाने से आक्रोशित किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया है।


#### इनका कहना है

विभाग में नहरों की साफ सफाई और मरम्मत के लिए जो शासन से बजट आया था वह जलभोक्ता संस्थाओं के खातों में जमा करवा दिया है। जिस जगह की नहरें फूटी हुई है, उनके लिए टेंडर बुलाए जाएंगे। भोपाल के कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों को पत्राचार कर दिया है। टेंडर खुलने के बाद नहरों की मरम्मत करवा दी जाएगी।

**- प्रतिभा सिंह**, ईई जल संसाधन विभाग।

#### फसलों पर संकट

महीने भर नहर का पानी फूटी होने से



बेकार फिक रहा है। नाले से होकर पानी बेतवा नदी में समा रहा है। ऐसे में तो माखनी तालाब खाली हो जाएगा। किसानों के सामने फसलों की सिंचाई का संकट खड़ा हो जाएगा।

**- खुमान सिंह**, किसान।

#### किसानों ने बताई समस्या

### नहरें पड़ी टूटी, सिंचाई के लिए पानी के लाले

माखनी तालाब की नहरें फूटी पड़ी हैं। हमने नहरों की मरम्मत कराए जाने की शिकायत यहां



के पटवारी अमीन को शिकायत भी की थी। लेकिन उनकी बात को अनसुना कर दिया गया। अगर नहर से पानी फिजूल बहता रहा तो फसल सिंचाई के लिए पानी के लाले पड़ जाएंगे।

**- युवा किसान अमित लोधी**, ग्राम माखनी।

#### खेत में सूख रही फसलें

माखनी के तालाब का चौकीदार गायब रहता है।



जिससे तालाब का पानी चोरी हो रहा है। अभी खेतों का सिर्फ पलेवा हुआ है। खेत की फसलें सूखने की स्थिति में हैं।

**- हुकम सिंह**, किसान

---

## बनगवां में जमीनों के पट्टे की मांग को लेकर ग्रामीणजन हुए लामबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम ग्राम बनगवां के किसानों ने शुक्रवार को कलेक्टर को आवेदन देकर मांग की है कि हमारी जमीनों के पट्टे प्रदान किए जाएं।

ग्राम बनगवां के पहनं 44 राजस्व भूमि खसरा नंबर 130/816/2 रकबा 11.085 हैक्टेयर की जमीन पर दर्जनों किसानों को जमीन खाली करने के नोटिस दिए गए थे, जिस पर किसानों ने कहा कि हम 60-70 सालों से पुश्तैनी खेतीबाड़ी करके गुजर बसर कर रहे हैं। अब अगर हमारी जमीने हम से छिन जाएगी तो हम अपना भरण



पोषण कैसे करेंगे।

किसानों ने विधायक डा प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा, क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी आवेदन देकर समस्या से अवगत करवा दिया है। राजस्व की भूमि की हम तहसील कार्यालय में जुर्माना भी भरते हैं, जिसकी रसीदें हमारे पास मौजूद है।

---

इलाज कराने आए मरीजों के साथ बैठ कर की चर्चा

## जिला अस्पताल की स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शुक्रवार को कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने सुबह के समय जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं एवं अस्पताल में स्वच्छता व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान ओपीडी, बाल एवं शिशु वार्ड, पुरूष वार्ड सहित विभिन्न वार्डो में जाकर व्यवस्थाएं देखीं। इसके साथ ही जिला अस्पताल में इलाज कराने के लिए आए मरीजों तथा उनके परिजनों से साथ बैठकर उपचार तथा जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली गई।

#### कलेक्टर ने सीएमएचओ और डॉक्टरों से कहा मरीजों को मिले बेहतर इलाज

#### कलेक्टर ने दवा वितरण, डॉक्टर और स्टाफ उपस्थिति की ली जानकारी




कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने डॉक्टर्स और स्टॉफ की उपस्थिति की जानकारी लेते हुए सीएमएचओ तथा डॉक्टर्स से कहा कि जिला अस्पताल में उपचार के लिए आने वाली मरीजों को बेहतर परिवेश और उपचार मिले। स्वच्छता और मरीजों के स्वास्थ्य को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने जिला अस्पताल में दवा वितरण व्यवस्था, विभिन्न जांचों, मरीजों को भोजन वितरण, डॉक्टर्स एवं स्टॉफ की उपस्थिति सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं, सेवाओं की समीक्षा कर करते हुए सीएमएचओ तथा डॉक्टरों से कहा कि सरकार द्वारा मरीजों के उपचार के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, इनका लाभ मरीजों और नागरिकों को मिले।

---

#### आरोपी कार चालक मौके से फरार

## पुरानी चौकी के सामने दो कारो में आमने-सामने से हुई भिंड़त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर हादसे रुकने की वजह दिना दिन बढ़ते ही जा रहे हैं। ऐसा कोई सा दिन नहीं जा रहा है जिस दिन हाईवे 18 पर दुर्घटनाएं नहीं हो रही है।

दीवानगंज पुरानी चौकी का सामने आया है जहां पर शुक्रवार को सुबह के समय एक कार ने दूसरी कार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे एक कार क्षतिग्रस्त हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑल्टो कार क्रमांक एमपी 04 सीडी 1179 विदिशा से भोपाल जा रही थी जैसे ही दीवानगंज पुरानी चौकी के सामने पहुंची तो भोपाल की तरफ से आ रही अज्ञात कार ने अल्टो कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। घटनास्थल से टक्कर मारने वाला कार चालक अपनी कार लेकर फरार हो गया।

वहीं दूसरी घटना बालमपुर घाटी पर हुई जब एक ट्रक के घाटी चढ़ने के दौरान ब्रेक फेल हो गए, जिससे रिवर्स होते हुए पीछे चल रहे ट्रक से जा टकराया। दोनों ट्रक चालकों ने आपसी समझौता कर लिया।

---

## सतधारा जंगल अनुभूति कैंप में बच्चों को बताए पर्यावरण के फायदे

### प्रतियोगता आयोजित कर 120 बच्चों को दिए प्रमाण पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

शुक्रवार को सतधारा इको जंगल कैंप में अनुभूति कैम्प आयोजित किया। इस कार्यक्रम में सलामतपुर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के 120 बच्चों ने भाग लिया। अनुभूति कार्यक्रम की थीम ' हम धरती के दूत' थी। बच्चों को शासकीय काष्ठगार, तेंदूपत्ता गोदाम फायर लाइन एवं बीट मैप को सजीव मॉडलों के द्वारा बताया गया । सभी बच्चों को जंगल में पहले से बनाई ट्रेल में घुमाकर, स्थानीय वनस्पतियों, औषधीय पौधों एवं मृदा संरक्षण के उद्देश्य से बनाए गए चेकडेम व बोरीबंधान के बारे में बताकर प्राकृतिक वातावरण की अनुभूति कराई गई।

साथ ही बच्चों के बीच में प्रश्नोत्तरी, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता करवाकर उन्हें, पुरस्कार वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रतिभा शुक्ला वनमण्डलाधिकारी सामान्य वन मंडल रायसेन थीं।

---

## जपं में मनमानी तरीके से दिए जा रहे वित्तीय अधिकार

### जनपद पंचायत बनी भ्रष्टाचार का अड्डा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

जिले की जनपद पंचायत गैरतगंज इन दिनों भ्रष्टाचार की वजह से जिले में चर्चाओं का केंद्र बना हुआ है। ताजा मामला गढ़ी ग्राम पंचायत में पदस्थ सचिव अभय सिंह गुर्जर जिन पर पूर्व में वित्तीय अनियमितता के कारण वर्तमान में धारा 92 की कार्यवाही प्रचलन में है को नियम विरुद्ध जुझारपुर पंचायत का अतिरिक्त प्रभार देने का है।

मामला तब सुर्खियों में आया जब ग्राम पंचायत गढ़ी में पदस्थ सचिव अभय सिंह को ग्राम पंचायत जुझारपुर का अतिरिक्त प्रभार जनपद सीईओ के अनुशंसा पर जिला सीईओ द्वारा दिया गया।

जनपद के गुप्त सूत्रों ने बताया कि जनपद में जांच कराई जाए तो ऐसे कई मामले उजागर होंगे जिसमें कई अपात्र लोगों को पात्र बनाकर लाभ दिया जा रहा है।

अब प्रश्न ये उठता है कि अगर किसी सचिव पर धारा 92 की कार्यवाही प्रचलन में है और उसे वर्तमान पदस्थ पंचायत में वित्तीय अधिकार नहीं है तो किस आधार पर अतिरिक्त प्रभार वित्तीय अधिकार के साथ दिया गया।

#### इनका कहना है

हमारे पास अभय सिंह गुर्जर के ऊपर चल रही धारा 92 की कार्यवाही का कोई रिकॉर्ड नहीं है।

**- श्रीमति पूजा जैन**, सीईओ, जनपद पंचायत गैरतगंतज।

---

## पीएमश्री विद्यालय पहुंचकर एसडीएम ने परखी शिक्षा की गुणवत्ता

लक्ष्य निर्धारण, एकाग्र अध्ययन के छात्राओं को लिए किया प्रेरित

## एसडीएम बने शिक्षक, छात्राओं से किया सीधा संवाद परीक्षाओं में बेहतर परिणाम के लिए दिए सफलता सूत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

शासकीय विद्यालयों के शैक्षणिक स्तर में सुधार और विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम बेहतर बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देश पर जिले के प्रशासनिक अधिकारी लगातार स्कूलों का भ्रमण कर रहे हैं। इस पहल के अंतर्गत अधिकारी न केवल शैक्षणिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं, बल्कि विद्यार्थियों से संवाद कर पढ़ाई के प्रति प्रेरित भी कर रहे हैं।

इसी क्रम में शुक्रवार को सिलवानी एसडीएम हर्षल चौधरी नगर स्थित शासकीय पीएमश्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने एक शिक्षक की भूमिका में छात्राओं से आत्मीय संवाद स्थापित कर उनके शैक्षणिक स्तर, अध्ययन की आदतों और समस्याओं को समझा। एसडीएम हर्षल चौधरी ने विद्यालय की हाई स्कूल कक्षाओं का निरीक्षण किया और छात्राओं से सीधे प्रश्न



पूछकर उनकी शैक्षणिक तैयारी का आकलन किया। उन्होंने छात्राओं से यह भी जाना कि वे प्रतिदिन कितने घंटे पढ़ाई करती हैं, उन्हें कौन सा विषय कठिन लगता है तथा मोबाइल और टीवी देखने में कितना समय व्यतीत होता है।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों से छात्राओं की संख्या, कक्षावार शैक्षणिक प्रगति और अब तक की पढ़ाई की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने परीक्षा परिणाम में और अधिक सुधार लाने के लिए आवश्यक दिशा- निर्देश देते हुए नियमित अध्यापन, पुनरावृत्ति और कमजोर छात्राओं पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया।

#### समझाक शिक्षा का महत्व

एसडीएम चौधरी ने छात्राओं को जीवन में शिक्षा का महत्व समझाते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने छात्राओं को एकाग्रचित होकर पढ़ाई करने, समय का सही प्रबंधन करने और लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि आज की मेहनत ही भविष्य में सफलता दिलाएगी और जब वे आगे बढ़कर अपने माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन करेंगी, तो उन्हें आत्मसंतोष की अनुभूति होगी।

संवाद में एसडीएम ने सभी छात्राओं से संकल्प करवाया कि वे पूरी लगन, अनुशासन और मेहनत के साथ पढ़ाई करेंगी तथा आगामी परीक्षाओं में अधिकतम अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाएंगी। छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक इस संकल्प को स्वीकार किया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद रायसेन, म.प्र.**

E-mail ID :- cmoraisen@mpurban.gov.in

पता- इंदिरा मार्केट सांची रोड रायसेन पिन- 464551 दूरभाष क्रं. 07482-222057

क्रमांक/2643/न.पा./नि.शा./2025-26 रायसेन दिनांक 19-12-25

// सार्वजनिक सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की ग्राम नवाबपुर तहसील व जिला रायसेन स्थित रामदेव बाबा बारको डेब्लपर्स इंडिया प्रा.लिमि. यवतमाल महाराष्ट्र भूमि स्वामी डारेक्टर-श्री गणेश पिता बिठठलदास जी चाण्डक व विक्रमसिंह आ. अर्जुनसिंह दालवाला की ग्राम नवाबपुर (ड्रीमलैंड कॉलोनी) तहसील व जिला रायसेन स्थित भूमि ख.नं. 335/1 रकबा 1.680 हे., ख. नं. 335/2 रकबा 1.680 हे., ख.नं. 335/3 रकबा 1.680 हे., ख.नः 335/4 रकबा 1.380 हे. एवं ख.नं. 338/2 रकबा 1.214 हे. कुल किता 5 कुल रकबा 7.645 हे. मे से रकबा 445.28 वर्गमीटर भूमि की दिनांक 22.12.2025 को न्यायालय तहसीलदार, रायसेन में समय 11.00 बजे से सांय 6.00 बजे तक नीलामी की कार्यवाही की जाना है। नागरिको से निवेदन है कि निर्धारित तिथि में उपस्थित होकर उक्त भूमि की नीलामी बोली में भाग लेने का अनुरोध है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद रायसेन